बरसात से पहले नाला सफाई को अन्तिम रूप देने में जुटा पालिका प्रशासन

लक्ष्मी टाकीज जीटी रोड के निकट नाले की सफाई करते पालिका कर्मी।

फतेहपुर, 11 जून। नगर पालिका परिषद द्वारा बरसात के दौरान शहरी नागरिकों को जलभराव की दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए शहर के सभी छोटे-बड़े ३३ नालों की सफाई का जो अभियान शुरु किया गया था वह चरम पर पहुंच रहा है। शनिवार को जीटी रोड स्थित लक्ष्मी टाकीज के निकट अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। सफाई निरीक्षक आबिद अली ने बताया कि यह अभियान मानसून आने से पहले ही पूरा करवा लिया जाएगा। उन्होने ठेकेदारों को भी चेतावनी दी है कि काम समय पर हर हाल में पूरा कर लिया जाए। ताकि बरसात आने पर शहर को जलभराव का सामना न करना पड़े।

बताते चलें कि नगर पालिका परिषद ने बरसात के मद्देनजर नाला सफाई अभियान की शुरुआत शान्तीनगर से की थी। यह अभियान दिनों दिन आगे बढ़ता जा रहा है। सफाई निरीक्षक आबिद अली व सफाई प्रभारी मो. हबीब की देखरेख में सफाई कर्मी नाला सफाई अभियान में जुटे हुए हैं। शनिवार को जीटी रोड स्थित लक्ष्मी टाकीज के निकट अभियान चलाया गया। सफाई निरीक्षक ने ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि मानसून से पहले नाला सफाई का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। ताकि नागरिकों को बरसात के

मानसून से पहले कार्य पूरा करने की ठेकेदारों को चेतावनी

समय जलभराव से दो-चार न होना पड़े। उन्होने यह भी चेतावनी दी कि यदि समय सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं किया गया तो भुगतान रोकने की भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि अब तक गढ़ीवा, मदारीपुर, मियां साहब की तकिया, शान्तीनगर, आईटीआई रोड सब्जी मण्डी सहित कई बड़े नालों की सफाई का काम पूरा हो चुका है। उन्होने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके अलावा प्रत्येक वार्ड में भी छोटे नालों व नालियों को साफ कराने का काम कराया जा रहा है।